www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936 सत्य · सार्थक · सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
19 सितंबर 2023, नोएडा, नगर संस्करण

वर्ष 88, अंक 223, 16 पेज+6 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.50 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 ● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

ऑस्ट्रेलिया सीरीज के शुरुआती दो वनडे में केएल राहुल कप्तानी करेंगे

P-14



तैयारी: यमुना सिटी विश्वविद्यालयों का हब बनेगी

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। यमुना प्राधिकरण का सेक्टर-22ई विश्वविद्यालयों का हब बनेगा। इस सेक्टर में छह विश्वविद्यालय बनेंगे। दो का काम चल रहा है, जबकि चार विश्वविद्यालय के लिए मंगलवार को योजना लॉन्च की जाएगी। इसके अलावा सेक्टर-17 में भी यूनिवर्सिटी के एक भूखंड की योजना आएगी। साक्षात्कार से इनका आवंटन होगा।

यमुना प्राधिकरण अपने क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर विकास कार्य करा रहा है। पहले उद्योगों के लिए क्लस्टर बनाए गए। इनमें अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क आदि शामिल हैं। अब शिक्षा को लेकर भी क्लस्टर विकसित करने की योजना है। सेक्टर-22ई संस्थागत भूउपयोग का सेक्टर है। यहां पर पहले से दो विश्वविद्यालय निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें नरसी मोंजी और जीबीएम शामिल हैं। अब इस सेक्टर में चार और विश्वविद्यालय के लिए योजना निकाली जा रही है। इसके बाद इस सेक्टर में छह विश्वविद्यालय हो जाएंगे।

प्राधिकरण ने सेक्टर-22ई में 50-50 एकड़ के दो और 26-26 एकड़ के दो भूखंड विश्वविद्यालय के लिए आरक्षित किए हैं। इसी तरह सेक्टर-17 में एक भूखंड 30 एकड़ का है। यह भूखंड विश्वविद्यालय के लिए है। प्राधिकरण मंगलवार को इसकी भी योजना लॉन्च करेगा। इसमें फार्च्यून 500, 100 प्रतिशत एफडीआई समेत अन्य बड़ी संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में दो यूनिवर्सिटी पहले से चल रही हैं। इसमें गलगोटिया और नोएडा इंटरनेशनल विश्वविद्यालय शामिल हैं, जबकि दो का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें नरसी मोंजी और जीबीएम संस्था शामिल हैं।

29 संस्थाओं ने एमओयू किया था

लखनऊ में फरवरी में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यमुना प्राधिकरण के साथ 29 संस्थाओं ने विश्वविद्यालय के लिए एमओयू किया था। इसको ध्यान में रखकर योजना निकाली गई है। इसके जरिये एमओयू करने वाली संस्थाओं को भी जमीन आवंटित की जा सकती है। इसके लिए उन्हें योजना में आवेदन करना होगा।

> यमुना प्राधिकरण का सेक्टर-22ई विश्वविद्यालयों का हब बनेगा। यहां पहले से दो विश्वविद्यालय बन रहे हैं। अब प्राधिकरण दो सेक्टर में पांच विश्वविद्यालय के लिए योजना लॉन्च करेगा। -**डॉ. अरुणवीर सिंह,** सीईओ यमुना प्राधिकरण

› उद्योग लगाने का मौका P 04